हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा के बताए उपाय...



07 जहरीली शराब मामले के आरोपियों के अवैध...



खबर संक्षेप

बैंकों में आज हड़ताल सोमवार को खुलेंगी

विदिशा। बैंकों में पांच दिवसीय बैंक सप्ताह लागू किया जाने की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों के संगठन यूनाटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के आव्हान पर आज शुक्रवार को राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओं में काम काज ठप रहेगा। हड़ताल में मप्र बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन के इसमें शामिल हो जाने से विदिशा जिले की सभी राष्ट्रीयकृत बैंक शाखाओं में ताले डले रहेंगे। दूसरा शनिवार होने से 12 सितंबर और अगले दिन रविवार का अवकाश होने से बैंक शाखाएं लगातार तीन दिन बंद रहेंगी। बैंक शाखाओं ने इसके बाद 28,29,30 सितंबर को भी बंद का आव्हान किया है और मांगे पूरी नहीं होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन बैंक हड़ताल की चेतावनी दी है। बैंक कर्मचारियों की मांगों में केंद्र सरकार की पीएलआई योजना को एकतरफा एवं भेदभाव पूर्ण बताते हुए वापस लेने की मांग भी है।

हर विकासखंड से 10 युवाओं का चयन, 22 तक जमा होंगे आवेदन

विदिशा। मां तुझे प्रणाम योजना के तहत युवाओं को अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा कराई जाएगी। प्रत्येक विकासखंड से 5 युवक और 5 युवतियों का चयन होगा। इनमें एनसीसी, एनएसएस, खिलाड़ी, मेधावी छात्र और स्काउट, गाइड श्रेणी से चयन किया जाएगा। 31 दिसंबर 2027 तक आयु 15 से 25 वर्ष होना जरूरी है। चयन लॉटरी से होगा। आवेदन जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय सांची रोड से लेकर 22 सितंबर तक जमा किए जा सकते हैं।

67 के पिंक लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बने

विदिशा। जैन कॉलेज में पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर लगाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग और परिवहन विभाग के सहयोग से हुए शिविर में 67 बालिकाओं के लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। बालिकाओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन की जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के संतोष रघुवंशी ने शिविर के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। परिवहन विभाग के राजेंद्र चंद्रवंशी ने वाहन चलाने के नियम बताए। प्रशिक्षिका पलक भार्गव सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं मौजूद रहीं।

यंग इंटर्न्स प्रोग्राम में इंटर्नशिप का अवसर

विदिशा। मुख्यमंत्री यंग इंटर्न्स फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम के तहत युवाओं को प्रशासनिक कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में 15 इंटर्न्स का एक वर्ष के लिए चयन किया जाएगा। आवेदनकर्ता मध्यप्रदेश का स्थानीय निवासी और संबंधित जिले का मूल निवासी होना चाहिए। 2022-23 से 2024-25 के बीच न्यूनतम 50% अंकों से स्नातक या स्नातकोत्तर उत्तीर्ण तथा 18 से 29 वर्ष आयु होना जरूरी है। आवेदन केवल एमपी ई-सेवा पोर्टल से ऑनलाइन होंगे। इंटर्न्स को नियमानुसार स्टाइपेंड भी मिलेगा।

भारत भारती जैन मंडल ने बांटी स्कूल सामग्री



विदिशा। भारत भारती जैन मंडल आकांक्षा स्कूल में बैग, लंच बॉक्स, प्लास्टिक की पानी बोतल दो स्टडी टेबल, एक बच्चे की वार्षिक फीस मंडल द्वारा प्रदान की गई। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने देवेश माहेश्वरी एवं आरती जैन का सहयोग के लिए आभार माना। इस अवसर पर मंडल सदस्य नीता सराफ, विद्युत जैन, सपना जैन, सरिता जैन, विभा जैन, संध्या जैन, सविता जैन, शिल्पी जैन मौजूद रहीं।

मुक्तिधाम और 320 किमी पहुंच मार्ग के लिए 69.98 करोड़ रुपए का था प्रस्ताव

902 गांवों की समस्या का समाधान, अब सिर्फ 68 गांवों में मुक्तिधाम का काम बाकी

ग्रेवल रोड मॉडल से तेजी से हुआ काम, एक माह में मांगी प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मुक्तिधाम और वहां तक पहुंच मार्ग की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि जिले के 902 गांवों में मुक्तिधाम नहीं होने की स्थिति सामने आने के बाद शुरू किए गए अभियान में अब सिर्फ 68 गांव शेष रह गए हैं। इन गांवों में अतिक्रमण, भूमि की उपलब्धता सहित अन्य कारणों से काम लंबित है। उन्होंने शेष कार्यों को पूरा करने के लिए अधिकारियों को एक माह में कार्रवाई और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिले की सातों जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री, क्लस्टर स्तर के उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की कार्यपालन यंत्री और अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री सहित जिला पंचायत के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों से चार प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी ली गई। इनमें ऐसे गांव जहां अभी मुक्तिधाम नहीं हैं, मरम्मत योग्य मुक्तिधाम, रास्ता होने के बावजूद अतिक्रमण वाले मुक्तिधाम और ऐसे स्थान जहां पहुंच मार्ग ही उपलब्ध नहीं है, शामिल रहे। शेष 68 गांवों में ग्रामीणों के सहयोग से मुक्तिधाम शेड निर्माण तथा रास्तों से अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि एक माह के भीतर प्रत्येक लंबित प्रकरण की स्थिति पर की गई कार्रवाई और आगे की कार्ययोजना सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके बाद ठीक एक माह में दोबारा समीक्षा बैठक कर प्रगति का जायजा लिया जाएगा। लक्ष्य जिले के प्रत्येक गांव को सुविधा युक्त मुक्तिधाम और सुगम पहुंच मार्ग से जोड़ना है, ताकि ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी न उठानी पड़े। बैठक का उद्देश्य जिले को 'सर्व सुविधा युक्त मुक्तिधाम युक्त विदिशा' बनाने की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करना था।



विदिशा। बैठक के दौरान सातों ब्लॉक के अधिकारियों को निर्देश देतीं जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी।

- एक माह में शेष प्रकरण की स्थिति जानी जाएगी।
- प्रत्येक गांव को सुविधा युक्त मुक्तिधाम देना है लक्ष्य।
- 68 गांव शेष बचे हैं। इनमें तेजी से किया जाएगा काम।

सर्वे में सामने आई थी 902 गांवों की समस्या

जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बताया कि जिले की 577 ग्राम पंचायतों के करीब 1,600 गांवों में ट्रांजिट वॉक सर्वे कराया गया था। सर्वे में सामने आया कि 902 गांवों में मुक्तिधाम नहीं हैं। कई गांवों में मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए करीब 320 किमी सड़कों की जरूरत भी। 69 करोड़ 98 लाख का एस्टीमेट तैयार कर जिला पंचायत की सामान्य सभा से पारित कराया गया और शासन को भेजा गया।

ग्रेवल रोड मॉडल से कम लागत में काम

मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग बनाने के लिए कंक्रीट सड़क की लागत करीब 40 से 50 लाख रुपए प्रति किमी आती है। इतनी अधिक लागत में सभी गांवों तक सड़क पहुंचाना चुनौतीपूर्ण था। जिला पंचायत ने कम लागत वाले ग्रेवल यानी मुरम रोड मॉडल को अपनाया। इसकी लागत करीब 10 से 12 लाख रुपए प्रति किमी रही। इससे सीमित बजट में अधिक गांवों को जोड़ा जा सका।

सड़कों पर घूम रहे 100 से ज्यादा गोवंश गोशाला भेजे

हाईवे और चौराहों पर अचानक सामने आ जाते हैं मवेशी



विदिशा। सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को कारण हो रहे हादसे।

आवारा मवेशियों को रखने रामलीला मौदान में की अस्थाई अव्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर की सड़कों, चौराहों और हाईवे पर आवारा गोवंश का जमावड़ा वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

सड़क पर अचानक गाय या सांड सामने आने से उन्हें बचाने के दौरान हादसे का खतरा रहता है। सांडों की लड़ाई में लोगों के घायल होने और बाजारों में दुकानों के सामान को नुकसान पहुंचने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई सड़कों और चौराहों पर गाय-सांड बैठे रहते हैं। अरिहंत विहार में एक सांड ने व्यक्ति को उठाकर पटक दिया था। कॉलोनी में आवारा कुत्तों के झुंड भी घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। मवेशियों के कारण शहर और हाईवे पर पहले भी हादसे हो चुके हैं। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि पहले कांजी हाउस में पकड़े गए मवेशियों को रखा जाता था और उन्हें छुड़ाने पर पशुपालक से जुर्माना लिया जाता था। इससे लोग मवेशी खुला छोड़ने से बचते थे। उन्होंने स्थायी व्यवस्था की जरूरत बताई।

नगरपालिका विदिशा के सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि मवेशी पकड़ने टीम बनाई गई है। अब तक 100 से अधिक मवेशियों को गोशाला भेजा जा चुका है। कांजी हाउस फिर सक्रिय किया गया है और उदयगिरि की गोशाला में मवेशी भेजे जा रहे हैं। रामलीला मैदान में अस्थायी गौशाला भी तैयार की जा रही है।

12 को लगेगी नेशनल लोक अदालत, 11 हजार प्रकरण होंगे निराकृत



विदिशा। वर्ष की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को जिला एवं तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। गुरुवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लोक अदालत में करीब 11 हजार न्यायालयीन एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे। इनके लिए कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत में सिविल, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्लेम, धारा 138 एनआई एक्ट, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन और नगरपालिका संबंधी प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण होगा। संपत्ति कर, जल कर और विद्युत प्रकरणों में पात्र पक्षकारों को शासन की गाइडलाइन के अनुसार अधिभार में छूट का लाभ भी मिलेगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आमजन से लोक अदालत में सहभागिता कर समय और धन की बचत के साथ विवादों का सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान कराने की अपील की है।

रंजिश में पिस्टल से चलाई थी गोली, हत्या के प्रयास का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

विदिशा। आनंदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जावती में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर पिस्टल से गोली चलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल और बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार 6 सितंबर को ग्राम जावती निवासी मोहन मीना (32) पर गांव के ही अजय अहिरवार ने जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर आनंदपुर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अवैध हथियार के इस्तेमाल की पुष्टि होने पर प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी अजय अहिरवार (21), निवासी जावती हाल ग्राम परवरिया को गिरफ्तार किया। उसके पास से देशी पिस्टल और टीवीएस बाइक क्रमांक एमपी 40 एमएस 3440 बरामद हुई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश रघुवंशी सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

गीतों और व्याख्यानों से गूंजा गर्ल्स कॉलेज

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने छात्राओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता सेंट मैरी पीजी कॉलेज के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अरविंद द्विवेदी ने निस्वार्थ सेवा का महत्व बताया और छात्राओं के साथ देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। एसएसएल जैन पीजी कॉलेज की डॉ. जयश्री बोराना ने 'मैं नहीं, आप' आदर्श वाक्य और ग्रामीण शिविरों की जानकारी दी। डॉ. राजुला अल्बर्ट ने अनुभव साझा किए।

भाजपा ने की मोर्चा प्रभारियों की घोषणा

विशाल बैतूले जिला कार्यालय प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला भाजपा ने जिले के विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों की घोषणा की है।

जिला मीडिया प्रभारी डॉ.राहुल जैन ने बताया संगठन में मोर्चों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। इन्हीं मोर्चों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों और युवाओं तक पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जाता है।

जिला संगठन द्वारा युवा मोर्चा के प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सिरोंज से युवा महामंत्री एवं सहयोग सेल प्रभारी रवि सोनी को सौंपी गई है। युवा मोर्चा को भाजपा संगठन की रीढ़ माना जाता है और युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा उन्हें सक्रिय भूमिका देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

अरुणा मांझी को महिला मोर्चा जिला महामंत्री, अनिल सोनकर को अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, पंकज पांडे को किसान मोर्चा तथा विशाल बैतूले को जिला कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व का उद्देश्य मोर्चों को सक्रिय करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की पहुंच को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को अधिक प्रभावी ढंग से जिम्मेदारियां प्रदान करना है। भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह ने विश्वास जताया है कि नवनियुक्त प्रभारी अपने-अपने मोर्चों में कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को प्रभावी रूप से संचालित करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी डॉक्टर राहुल जैन ने बताया कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया जाएगा।

पुल से नदी में गिरी बाइक, एक की मौत

कुरवाई। नेशनल हाईवे-346 पर बिशनपुर गांव के पास पुराने पुल से गिरकर रामराज यादव पिता लाखन सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी पवई की मौत हो गई। रामराज लायरा के पास अखई गांव अपनी सुसराल गया था जहां से वापस आ रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। शव बाहर निकाला।



नदी से मृतक को निकालते ग्रामीण।

ग्रामीणों का कहना है कि बिशनपुर का पुराना पुल लंबे समय से जर्जर है। रेलिंग भी नहीं है। पुल से गुजरते समय वाहन चालकों के नदी में गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सुरक्षा इंतजाम नहीं होने के कारण यह पुल हादसों के लिहाज से खतरनाक बना हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में जिम्मेदार विभाग के प्रति नाराजगी है। ग्रामीणों ने पुल पर तत्काल रेलिंग और सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

सहयोग सेल में विधायक शर्मा ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भाजपा कार्यालय में गुरुवार को सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने पार्टी के सहयोग सेल के माध्यम से नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। सिरोंज विधानसभा क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों से पहुंचे लोगों ने पेयजल, सड़क, बिजली, राशन और राजस्व से जुड़ी समस्याओं को लेकर विधायक को आवेदन दिए।

विधायक शर्मा ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने बताया कि सहयोग सेल के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाकर उनके निराकरण का प्रयास किया जा रहा है।



बरूअल में मकान से 224 क्वार्टर शराब जब्त

कुरवाई। पुलिस ने ग्राम बरूअल की नई बस्ती में अवैध शराब के भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 224 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। पुलिस को 9 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दुकान के पास स्थित मकान में शराब रखे हुए है। टीम ने दबिश देकर विनोद आदिवासी (31) निवासी बरूअल को पकड़ा। तलाशी के दौरान दो बोरियों में रखे 224 क्वार्टर मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी आरके मिश्रा सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

ब्लड चढ़ाने के दौरान बच्चों की मौत परिजनों ने लगाए आरोप

हंगामे के बाद अधीक्षक के पास पहुंचे डॉक्टर



विदिशा। मृतक बच्चे के परिजनों को समझाइश देते हुए चिकित्सक।

विदिशा। मेडिकल कॉलेज में छोटे बच्चों को ब्लड चढ़ाने के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। मृत बच्चों के परिजनों ने इलाज और ब्लड चढ़ाने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों का कहना है कि ब्लड चढ़ाते समय बच्चों की हालत अचानक बिगड़ी और बाद में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में हंगामा किया। स्थिति को देखते हुए चिकित्सक परिजनों को अधीक्षक डॉ अविनाष लाघवे के पास पहुंचे, जहां उन्हें समझाइश देकर शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले को लेकर परिजनों ने जांच की मांग की है।

पुलिस को मिली हाईटेक फॉरेंसिक वैन, मौके पर ही होगी साक्ष्यों की जांच

अब घटनास्थल का सुराग खोलेगा अपराध का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, घटनास्थल पर छोड़ा गया एक सुराग उसकी पूरी कहानी सामने ला सकता है। इसी सोच को तकनीक की ताकत देने पुलिस के बेड़े में हाईटेक फॉरेंसिक वैन शामिल की गई है।

अब हत्या, गोलीकांड, आगजनी, चोरी सहित गंभीर अपराधों की जांच में पुलिस को घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस यह वैन मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण और प्रारंभिक परीक्षण में मदद करेगी। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर वैन का शुभारंभ किया।

इस दौरान फिंगर प्रिंट शाखा प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र साहू, रक्षित निरीक्षक नीरज सिंह सिकरवार और पुलिस फोटोग्राफर प्रधान आरक्षक भानु प्रकाश सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



विदिशा। वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए एसपी रोहित काशवानी।

एक-एक सुराग को सुरक्षित रखने की तैयारी

वैन में अपराध स्थल सुरक्षा किट, फिंगर प्रिंट जांच किट, रक्त एवं बाल पहचान किट, पैरों के निशान और टायर के निशान जांच किट, आगजनी जांच किट, गोली के छेद की जांच किट, गोली चलने के अवशेष की जांच किट, मादक पदार्थ एवं विस्फोटक पदार्थ पहचान किट तथा डीएनए नमूना संग्रह किट उपलब्ध हैं। यानी घटनास्थल पर मिलने वाले अलग-अलग प्रकार के साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित करने की सुविधा एक ही जगह उपलब्ध रहेगी। कैमरे और जीपीएस से हर गतिविधि पर नजरवैन में डिजिटल कैमरा, त्रिविमीय सूक्ष्मदर्शी, वजन मापने की मशीन, छोटा रेफ्रिजरेटर, प्रकाश पट्टिका, तापीय मुद्रक और शरीर पर लगाए जाने वाले कैमरे जैसे आधुनिक उपकरण भी हैं। आगे और पीछे लगे कैमरों से घटनास्थल की स्थिति की निगरानी की जा सकेगी, जबकि जीपीएस के माध्यम से जिला मुख्यालय से वैन की लोकेशन और गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। इस हाईटेक वैन के जरिए घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को अधिक व्यवस्थित तरीके से जुटाने और सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। पुलिस को उम्मीद है कि तकनीक से लैस यह फॉरेंसिक वैन गंभीर मामलों की जांच को और मजबूत बनाएगी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6200
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7777
चना
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-6500
मसूर
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-9580
शरबती
न्यूनतम भाव-3105
उच्चतम भाव-5306
गेंहू
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3200
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2622
बटरी
न्यूनतम भाव-2935
उच्चतम भाव-3630
मूंग
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-7680
धनिया
न्यूनतम भाव-12500
उच्चतम भाव-13200
मक्का
न्यूनतम भाव-2235
उच्चतम भाव-2235
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3405
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5600
धान
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3400

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 7608 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

पंचतत्व संरक्षण समिति की पत्रकारवार्ता कल

गंजबासौदा। आगामी गणेश चतुर्थी के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए ' हर घर मिट्टी से ही बनें गणेश' अभियान के संदर्भ में एक विशेष प्रेसवार्ता शनिवार को दोपहर 12 बजे स्वर्गीय अनिल दाऊ पत्रकार भवन, क्लब पार्क में आयोजित की जा रही है। इस वार्ता में समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहकर अभियान के उद्देश्यों और रूपरेखा की जानकारी साझा करेंगे। जिसमें गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया

गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 14 में पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र मीना एवं एचओ धीरज मीना, दरोगा सुदामा एवं शीतल खरे मेड के आदेश पर कीटनाशक छिड़काव कराया गया।



सड़कों पर घूम रहे बेसहारा मवेशियों को नपा ने पकड़कर भेजा गौशाला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर में लगातार बढ़ रहे बेसहारा मवेशियों के कारण आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नपा अध्यक्ष के निर्देश पर गुरुवार को नगर पालिका की टीम ने काऊ कैचर के माध्यम से सड़कों पर घूम रहे बेसहारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान चलाया। नगर के मुख्य मार्गों जयस्तंभ चौक, स्टेशन रोड, बरेठ रोड, गल्ला मंडी, एसडीएम कार्यालय के सामने और पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र में दर्जनों बेसहारा मवेशी सड़कों पर बैठे और घूमते रहते हैं। इनके कारण राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात के समय तो अंधेरे में सड़कों पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। कई बार तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से मवेशी भी घायल हो जाते हैं। नागरिकों की लगातार शिकायतों के बाद नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर की सड़कों को मवेशी मुक्त किया जाए। इसके बाद अमले ने काऊ कैचर वाहन के साथ अभियान शुरू किया और करीब दो दर्जन से अधिक मवेशियों को पकड़कर नजदीकी गौशाला में भिजवाया। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बताया कि बेसहारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने पशुपालकों से भी अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें, अन्यथा पशुपालकों के विरुद्ध जुर्माना और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर को सुंदर, स्वच्छ और सुरक्षित बनाना प्राथमिकता है। नागरिकों की सुरक्षा के लिए नगर पालिका हर संभव कदम उठाएगी। इस कार्रवाई से नगरवासियों ने राहत की सांस ली है और नगर पालिका के इस कदम की सराहना की है।

हनुमान अंश के बाल कलाकार का नगरागमन 15 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बहुचर्चित फिल्म हनुमान अंश में शुभांकर का किरदार निभाने वाले हमारे नगर के गौरव सात्विक अभिषेक शर्मा राम जानकी मंदिर पुजारी सुनील शर्मा के भतीजे के प्रथम नगर आगमन को लेकर गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में बैठक का आयोजित की गई। जिसमें नगर के सामाजिक संगठन एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सात्विक का नगर आगमन 15 सितंबर मंगलवार को शाम चार बजे बायरोड आगमन होगा। जिसके स्वागत कार्यक्रम मां कर्माबाई चौराहे से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर श्रीराम जानकी मंदिर गांधी चौक, सदरबाजार होते हुए सावरकर चौक से मुख्यमार्ग जय स्तंभ होते हुए बरेठ रोड दाज्जी प्लाजा में स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें सभी धार्मिक ,सामाजिक ,राजनैतिक व सभी संगठनों के द्वारा स्वागत किया जाएगा। आयोजन कर्ताओं के द्वारा नगर व क्षेत्र के सभी नागरिकों से परिवार, समाज एवं इष्ट मित्रों के साथ कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लेने की अपील की है।

अग्नि सुरक्षा व आगजनी की घटनाओं से बचाव को लेकर बैठक आयोजित

व्यापारियों को अग्नि सुरक्षा के बताए उपाय, फायर NOC पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गुरुवार को एसडीएम अनुभा जैन के नेतृत्व में नगर के व्यापारियों एवं प्रतिष्ठान संचालकों के साथ अग्नि सुरक्षा एवं आगजनी की घटनाओं से बचाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं SDERF मयंक कुमार जैन तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य व्यापारियों को आग से बचाव, अग्नि सुरक्षा के मानकों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर SDERF टीम द्वारा आग क्या है, आग के विभिन्न प्रकार, आग लगने के संभावित कारण तथा अलग-अलग प्रकार की आग के लिए उपयुक्त अग्निशामक यंत्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम द्वारा फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। व्यापारियों को बताया गया कि अग्निशामक यंत्र का उपयोग करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आग के आधार पर नोजल का प्रयोग कर आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। व्यापारियों को विद्युत शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर, ज्वलनशील पदार्थों के अनुचित भंडारण तथा अन्य कारणों से होने वाली आगजनी से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही प्रतिष्ठानों में फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन निकासी मार्ग, विद्युत वायरिंग की नियमित जांच, पर्याप्त वेंटिलेशन तथा आवश्यक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की समझाइश दी गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि नियमानुसार आने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए फायर NOC प्राप्त करना अनिवार्य है। जिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा फायर NOC प्राप्त नहीं की गई है, वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर फायर NOC प्राप्त करें। प्रतिष्ठान संचालकों से अग्नि सुरक्षा संबंधी नियमों एवं मानकों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई। एसडीएम ने व्यापारियों से कहा कि अग्नि सुरक्षा को केवल औपचारिकता न मानें, बल्कि अपने प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों एवं ग्राहकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखें। मयंक कुमार जैन ने कहा कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल 101/112 पर सूचना दें, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं तथा यदि परिस्थितियां सुरक्षित हों तो उपलब्ध अग्निशामक उपकरण का उपयोग कर प्रारंभिक स्तर पर आग को नियंत्रित करने का प्रयास करें। उन्होंने व्यापारियों से अपने कर्मचारियों को भी समय-समय पर अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन निकासी का प्रशिक्षण देने की अपील की। बैठक में व्यापारियों को यह संदेश दिया गया कि सतर्कता, सुरक्षित कार्यप्रणाली और समय पर की गई कार्रवाई आग से होने वाले जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम कर सकती है। अग्नि सुरक्षा की जानकारी रखें, आपात स्थिति के लिए सदैव तैयार रहें।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा, नगर पालिका सभापति रिचा संजय भावसार आदि उपस्थित रहे।

नगर मंडल की बैठक आयोजित



गंजबासौदा। गुरुवार को 'सेवा अभियान' के तहत आयोजित नगर मंडल की विशेष बैठक में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, बलवीर रघुवंशी जिला महामंत्री एवं जिले व मंडल के सभी निष्ठावान पदाधिकारीगण एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान आगामी सेवा कार्यक्रमोंकी रूपरेखा, संगठन के विस्तार और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सेवा संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आगामी संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

20 वर्षों से बंद रास्ता खुलने से किसानों को मिली राहत



गंजबासौदा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आमजन की समस्याओं का मौके पर पहुंचकर त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश एवं एसडीएम अनुभा जैन के निर्देशन में तहसील के राजस्व दल ने वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाकर किसानों को बड़ी राहत पहुंचाई है। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व दल द्वारा ग्राम कस्बा बासौदा एवं ग्राम बनवा के मैढ़े पर स्थित खसरा नंबर 652 एवं 653 से होकर जाने वाले लगभग 1000 मीटर लंबे रास्ते को मौके पर पहुंचकर खुलवाया गया। यह रास्ता पिछले करीब 15 से 20 वर्षों से कुछ कृषकों द्वारा बंद कर दिया गया था, जिसके कारण आसपास के किसानों को कृषि कार्य के लिए आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। राजस्व अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर रास्ते की स्थिति एवं सीमाओं का निरीक्षण किया गया। इसके बाद सीमा का चिन्हांकन कर जेसीबी के माध्यम से बंद रास्ते को पुनः खुलवाया गया। रास्ता खुलने से अब करीब 30 से 35 कृषकों को अपने खेतों तक आने-जाने और कृषि कार्य करने में सुगमता होगी। पूर्व में किसान इसी रास्ते से होकर अपने खेतों तक पहुंचते थे, लेकिन लंबे समय से रास्ता बंद होने के कारण उन्हें वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा था। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से किसानों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है। इस कार्रवाई के दौरान हल्का पटवारी अनिल शर्मा, राजस्व निरीक्षक बासौदा सहित अन्य पटवारियों का राजस्व दल मौके पर उपस्थित रहा। राजस्व अमले ने मौके पर सीमाओं का निर्धारण एवं चिन्हांकन कर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कराई।

डॉ. तिवारी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित



गंजबासौदा। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय काशी ज्योतिष महोत्सव में विश्व ज्योतिष कांग्रेस के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व राजा भोज ज्योतिष पीठ के अध्यक्ष राज ज्योतिष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष विद्वान एच एस रावत एवं बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर प्रोफेसर एसएन शंखवार , कार्यक्रम चैयरमेन अनिल कुमार सिंह , आयुर्वेद संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर केएन मूर्ति, डॉ. जसमीत सिंह, डॉ. संजय सिंह ने प्रदान किया , यह अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयुर्वेद एवं ज्योतिष के संबंध विषय पर काशी ज्योतिष संस्थान के सहयोग से बनारस हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इसमें डॉ. विनीत तिवारी ने ज्योतिष और आयुर्वेद का अंतर्संबंध, औषधि संग्रह में काल, नक्षत्र और मुहूर्त का शास्त्रीय अध्ययन विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बनारस रेंज के डीआईजी वैभव कृष्ण, काशी बीजेपी अध्यक्ष अशोक चौरसिया , काशी ज्योतिष संस्थान अध्यक्ष अंजन , बीएचयू के प्रोफेसर चंद्रशेखर पांडे, प्रोफेसर पीके गोस्वामी, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वेश्वर शर्मा सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे।

अचानक मौसम में बदलाव के बाद हुई झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत चार पांच दिनों के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा गया। दोपहर तक तेज धूप निकलने से लोगों को उमस और गर्मी से परेशान होते देखा गया। दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखा गया। आसमान में अचानक बादल छाए और पहले रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। शाम के समय आसमान में काली घटाएं छाई और अचानक से तेज बारिश का दौर शुरु हो गया। जिससे सड़कें पानी से भर गईं एवं मौसम में ठण्डक घुल गई। समाचार लिखे जाने तक बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ नगर में बारिश का दौर जारी था।

अस्थाई दुकानदारों के खिलाफ की गई कार्रवाई

खाद्य विभाग की कार्रवाई के विरोध में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर में पिछले दो दिनों से खाद्य विभाग द्वारा चल रही सघन जांच कार्रवाई से छोटे दुकानदारों और ठेला व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग की टीम ने जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर के बजाय नीले कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग कर रहे छोटे दुकानदारों के सिलेंडर जब्त कर लिए हैं। खास तौर पर ठेला चालक और अस्थाई दुकान लगाकर रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। दुकानदारों का कहना है कि वे शासन के निर्देशानुसार महंगा नीला कमर्शियल सिलेंडर ही उपयोग कर रहे हैं, इसके बावजूद विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इससे उनमें आक्रोश है। इस कार्रवाई के विरोध में गुरुवार पूर्व विधायक निशंक जैन नेहरू चौक पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे दुकानदारों को कमर्शियल सिलेंडर उपयोग करने की छूट है, फिर भी अधिकारी झूठा प्रकरण बनाने की धमकी देकर जबरन सिलेंडर जब्त कर रहे हैं। निशंक जैन ने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को धमकाया भी जा रहा है, जो सरासर गलत है। गरीब ठेला चालकों पर इस तरह की कार्रवाई से उनका जीवन यापन प्रभावित हो रहा है। धरने की सूचना मिलते ही तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूर्व विधायक निशंक जैन से चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया कि नियमानुसार कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग कर रहे छोटे दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी और जब्त सिलेंडरों के मामले में नियमानुसार जांच कर उचित निर्णय लिया जाएगा। तहसीलदार के आश्वासन के बाद पूर्व विधायक ने धरना समाप्त किया। वहीं खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच शासन के निर्देश पर की जा रही है और अवैध रूप से घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर ही कार्रवाई की जा रही है।

नौलखी में उत्साह के साथ मना नंदोत्सव

गंजबासौदा। स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में नंद उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और नंदोत्सव की परंपरा को जीवंत करते हुए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और शाम होते ही भजन-कीर्तन के बीच भक्तिमय वातावरण बन गया। नंद उत्सव के अवसर पर संदीप तिवारी मंडली द्वारा रंगारंग भजनों की प्रस्तुति दी गई।



ज्ञात हो कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ ही स्टेशन रोड स्थित नौलखा मंदिर में नंदोउत्सव की धूम है। नंदोत्सव के मौके पर मंदिर की श्री सीताराम संकीर्तन मंडल के सदस्यों ने बच्चों के खिलौने के साथ मटकी सुंदर ढंग से सजाई। नंद उत्सव में माताएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को बालकृष्ण का स्वरूप देकर मंदिर लेकर पहुंचीं। नंद उत्सव में भगवान श्रीकृष्ण को प्रिय माखन का भी विशेष रूप से वितरण किया गया। आयोजन में करीब 50 किलो माखन श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में बांटा गया। माखन का प्रसाद पाकर श्रद्धालु भी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर पंडित केशव शास्त्री ने नंद उत्सव की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि नंद उत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल स्वरूप भक्ति, वात्सल्य और आनंद का पर्व है। नौलखी मंदिर समिति के पंडित विकास मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। अंत में भक्तों को प्रसादी का वितरित किया गया।

उन्नत खरपतवार प्रबंधन को लेकर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा कृषि प्रगति एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से तैयार कृषि रोडमैप के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम ककरावदा के लगभग 35 कृषकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में किसानों को उन्नत खरपतवार प्रबंधन तकनीकों, खरीफ एवं रबी फसलों में खरपतवारों की प्रमुख समस्याओं एवं उनके प्रभावी नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वीके चौधरी एवं डॉ. पीके सिंह द्वारा खरपतवारों की पहचान, फसल पर उनके दुष्प्रभाव तथा समन्वित खरपतवार प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। वैज्ञानिकों ने किसानों को समन्वित खरपतवार प्रबंधन के अंतर्गत यांत्रिक, सांस्कृतिक एवं आवश्यकता अनुसार अनुशंसित रासायनिक विधियों के उचित उपयोग, खरपतवार नाशी के चयन, सही मात्रा, फसल की अवस्था तथा सुरक्षित छिड़काव तकनीक के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में आत्मनिर्भर दलहन उत्पादन, दलहनी फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन, बीज उपचार, मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा सुधार, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन तथा प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों एवं तकनीकों पर भी किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर, कृषि विस्तार अधिकारी एवन यादव एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल सहित कृषक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने, उत्पादकता बढ़ाने तथा कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए खरपतवारों से होने वाली फसल क्षति को कम करना, मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण, दलहन उत्पादन को बढ़ावा देना तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना रहा।

खबर संक्षेप

1.30 करोड़ के बकायादारों की 33 दुकानें सील

खुरई। नगर पालिका परिषद खुरई ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को 33 दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर कुल 1 करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक का किराया और अमानत राशि बकाया है। नगर पालिका सीएमओ राजेश मेहतेले ने बताया कि शहर में नगर पालिका के स्वामित्व की सैकड़ों दुकानें हैं, जिनसे करोड़ों का राजस्व आता है। कुछ दुकानदार पिछले कई वर्षों से न तो मासिक किराया दे रहे थे और न ही पगड़ी/अमानत राशि जमा की थी। कई बार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं होने पर सीएमओ के निर्देश पर राजस्व अधिकारी वैभव नेमा के नेतृत्व में टीम ने दिनभर अभियान चलाकर दुकानों पर ताला जड़ दिया। इनमें कुछ बकायेदारों पर अकेले 11 लाख, 10 लाख, 5 लाख और 4 लाख रुपये तक का बकाया है। 7 दिन का अल्टीमेटम नगर पालिका ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर बकाया राशि जमा नहीं की गईतो सभी डिफॉल्टर्स के नाम सार्वजनिक कर दिए जाएंगे और आगे नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

जहरीली शराब मामले के आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बंडा क्षेत्र में जहरीली शराब मामले को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री के सागर दौरे के तत्काल बाद प्रशासन ने मामले में चिन्हित मुख्य आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें जमींदोज कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई में श्मशान और अन्य शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

राजस्व विभाग, पुलिस और नगर परिषद बंडा की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्रशासनिक जांच और राजस्व रिकॉर्ड में आरोपियों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

श्मशान भूमि पर बना था गोदाम

प्रशासन के अनुसार, आरोपी मनीष उर्फ यशवंत पिता कोमल सिंह लोधी, निवासी वार्ड-12 बंडा द्वारा श्मशान मद की शासकीय भूमि पर कब्जा कर एक मंजिला पक्का निर्माण कराया गया था। इसका उपयोग कथित तौर पर अवैध गोदाम के रूप में किया जा रहा था। इसके अलावा गैर-आवासीय भंडारण के लिए भी एक अन्य पक्का निर्माण किया गया था। जांच में पहाड़-चट्टान मद की शासकीय भूमि पर भी अतिक्रमण पाया गया।

मकानों पर भी कार्रवाई

इसी तरह आरोपी चन्द्रभान सिंह उर्फ चंदू पिता द्वारका सिंह राजपूत, निवासी ततरवारा, तहसील शाहगढ़ द्वारा शासकीय भूमि पर बनाए गए एक मंजिला पक्के रिहायशी मकान को भी प्रशासन ने ध्वस्त किया। वहीं आशीष पिता रामप्रसाद साहू, निवासी वार्ड-11 बंडा द्वारा अतिक्रमित पक्के मकान और गेट लगे आंगन को भी बुलडोजर से जमींदोज किया गया। प्रशासनिक जांच के अनुसार आरोपियों द्वारा लंबे समय से शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया था। प्रशासन ने कार्रवाई से पहले संबंधित निर्माणों पर 24 घंटे का नोटिस चस्पा कर स्पष्टीकरण मांगा था। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बंडा एसडीएम संजय जैन, एसडीओपी रोहित लखेरा, तहसीलदार मोहित जैन सहित पुलिस, राजस्व और नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।

जर्जर आंगनवाड़ी भवन की जगह नया भवन और स्कूलों में हैंडपंप लगाने मांग

जनपद सदस्य आफरीन अतीक मंसूरी ने अध्यक्ष व सीईओ को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जनपद पंचायत सिरोंज के वार्ड क्रमांक 12 की जनपद सदस्य आफरीन अतीक मंसूरी ने जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन सौंपकर जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने ग्राम भौंरिया में जर्जर आंगनवाड़ी भवन के स्थान पर नवीन भवन स्वीकृत करने, ग्राम समदपुर में अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्र खोलने तथा विभिन्न प्राथमिक शालाओं में हैंडपंप स्थापित कराने की मांग की है। जनपद सदस्य ने आवेदन में बताया कि ग्राम भौंरिया में संचालित आंगनवाड़ी भवन काफी पुराना और जर्जर स्थिति में है। भवन की हालत खराब होने के कारण यहां बच्चों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। उन्होंने जनहित एवं बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वर्तमान भवन के स्थान पर नवीन आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत कर निर्माण कराने की मांग की है। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत धानोदा के ग्राम समदपुर की जनसंख्या अधिक होने के कारण वर्तमान आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों एवं हितग्राहियों की संख्या अधिक है। ऐसे में एक अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्र की आवश्यकता बताई गई है। जनपद सदस्य ने बताया कि ग्रामवासियों द्वारा भी अतिरिक्त केंद्र की मांग की गई है तथा इस संबंध में पंचनामा भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने जनसंख्या एवं आवश्यकता को देखते हुए ग्राम समदपुर में अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत करने की मांग की है।

तीन प्राथमिक शालाओं में हैंडपंप लगाने की मांग

जनपद सदस्य आफरीन अतीक मंसूरी ने ग्राम पंचायत भौंरिया के ग्राम किशनपुरा स्थित प्राथमिक शाला में भी पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए अब तक हैंडपंप की व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिससे विद्यार्थियों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स्कूल परिसर में शीघ्र हैंडपंप स्थापित कराने की मांग की। इसी तरह ग्राम पंचायत कोरवासा के ग्राम धर्मपुर की प्राथमिक शाला में भी हैंडपंप लगाने की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया कि यहां करीब 12-13 वर्षों से प्राथमिक शाला संचालित हो रही है, लेकिन विद्यालय परिसर में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी होती है। वहीं ग्राम पंचायत बांसखेड़ी गूगल के ग्राम मुजफ्फरगढ़ की प्राथमिक शाला में भी हैंडपंप लगाने की मांग की गई है। यहां बंजारा नायक समाज के परिवार निवास करते हैं और प्राथमिक शाला संचालित है। विद्यालय में बच्चों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हैंडपंप की आवश्यकता बताई गई है। जनपद सदस्य ने आवेदन के माध्यम से मांग की है कि उक्त सभी जनहितकारी प्रस्तावों को जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विचारार्थ रखा जाए तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं निर्माण कार्यों के लिए निर्देशित किया जाए, ताकि ग्रामीणों और विद्यार्थियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

देवपुर प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद का 62वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प



सिरोंज। विश्व हिंदू परिषद के 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देवपुर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम का समापन धार्मिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी एवं सनातन धर्म से जुड़े लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने भगवान श्रीराम एवं हिंदू धर्म की गौरवशाली परंपराओं का स्मरण कराते हुए हिंदू समाज की एकता, संगठन और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। वहीं प्रांत समरसता टोली सदस्य राकेश सक्सेना ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्र एवं समाज हित में कार्य करने की बात कही। वक्ताओं ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्यों तथा संगठन द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला मंत्री रविंद्र ठाकुर, सह मंत्री सुरेंद्र श्रीवास्तव, जिला संयोजक अनु यादव, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिलीप देसाई, जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर, जिला सत्संग प्रमुख तुलसी नारायण शाक्य, जिला सामाजिक समरसता सह प्रमुख बसंती लाल कुशवाह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से की चर्चा

भाजपा सहयोग सेल में विधायक ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



सिरोंज। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के दिशा-निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से भाजपा सहयोग सेल के अंतर्गत भाजपा कार्यालय में समस्या समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और जनहित के मुद्दों से विधायक को अवगत कराया। विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सहयोग सेल का उद्देश्य कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर उनका त्वरित समाधान कराना है।

सिरोंज में नात प्रतियोगिता आयोजित छह प्रतिभागियों का हुआ चयन

12 सितंबर को सीरत-ए-नबी जलसे में प्रस्तुत करेंगे नात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

12 सितंबर को आयोजित होने वाले सीरत-ए-नबी जलसे की तैयारियों के तहत गुरुवार को मदरसा फरीदिया हिफ्जुल कुरान में नात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मदरसे एवं मकतब के करीब 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर दो वर्गों में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में 7 से 12 वर्ष तथा सीनियर वर्ग में 12 से 18 वर्ष आयु के बच्चों ने नात प्रस्तुत की। बच्चों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन निर्णायक मंडल में शामिल नोशे हैदर, असद हाशमी एवं सैयद ऊरूज अहमद ने किया। प्रतियोगिता के आधार पर दोनों वर्गों से तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयनित छह प्रतिभागी 12 सितंबर



को आयोजित होने वाले सीरत-ए-नबी जलसे में नात प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रस्तुति के आधार पर दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का निर्णय किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5,100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3,100 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2,100 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से दिए जाएंगे।

मदनई में शिक्षा का मजाकः जर्जर शौचालय, कमरों में ताला, गंदगी में मिड-डे मील और अंधेरे में पढ़ाई



हैदरगढ़। शौचालयों की स्थित इतनी खराब है कि उपयोग करना मुश्किल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

हैदरगढ़ संकुल के ग्राम मदनई में प्राथमिक और माध्यमिक शाला में बदहाली चरम पर है। स्कूल गेट से ही गंदगी स्वागत करती है।

बच्चों के बैठने के लिए साफ कमरे नहीं, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं। छात्राओं के लिए बने शौचालय जर्जर और बदहाल हैं। माध्यमिक शाला की बिल्डिंग में पिछले 2 दिनों से ताला लटका है। वजह - स्कूल प्रभारी छुट्टी पर हैं और चाबी उनके पास है। प्राथमिक शाला में सभी क्लास के बच्चों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। जहां मिड-डे मील बनता है वहां छत से पानी टपक रहा है, चारों तरफ सीलन और मच्छरों का डेरा है। इसी गंदगी के बीच बच्चों का खाना बन रहा है। क्लास रूम में लाइट नहीं, पंखे नहीं, बच्चे पसीने में भीगते हुए पढ़ने को मजबूर हैं। जब इस बारे में प्रभारी इरशाद बी से बात की तो उनका बेतुका बयान सामने आया उन्होंने कहा कि 2 दिन से मैं छुट्टी पर थी इसलिए ताला लगा था, चाबी मेरे पास थी। ग्यारसपुर बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सरस्वती शिशु मंदिर में खेल पुरस्कार वितरण प्रतिभाओं को शील्ड और प्रमाण पत्र दिए

पारंपरिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया-बहिनों को डीएसपी मौसम पटेले ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं के विजेता भैया-बहिनों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख दिनेश शर्मा द्वारा भूमिका प्रस्तुत करने के साथ हुई। मुख्य



अतिथि डीएसपी जिला विदिशा मौसम पटेले ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर खेलों के महत्व और निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन भी दिया। इस अवसर पर श्री रामकृष्ण दास शिक्षण समिति के सचिव उदय ढोली सहित प्रातः पाली के आचार्य-दीदी उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय गोलू शर्मा ने कराया। स्वागत मोनिका पाल और प्रियंका राठौर ने किया।

कार्यक्रम का संचालन निशा कुशवाह ने तथा आभार रमेश राठौर ने व्यक्त किया। ये पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं विद्याभारती की योजनानुसार मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थीं।

कल्पसूत्र पूजन के साथ पर्युषण का तीसरा दिन भक्तिमय संपन्न

वासुपूज्य जिनालय में समाजजनों ने की पूजा-अर्चना साध्वीजी ने अहिंसा और जीव-दया का बताया महत्व



विदिशा। श्वेतांबर जैन समाज का पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व आत्मशुद्धि और धर्माराधना के साथ आगे बढ़ रहा है। पर्व के तीसरे दिन किरी मोहल्ला स्थित वासुपूज्य जिनालय में आगम ग्रंथों में सर्वोपरि माने जाने वाले कल्पसूत्र ग्रंथ का विशेष पूजन-अर्चन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। सुबह से ही जिनालय में समाजजनों की भीड़ रही। भगवान वासुपूज्य की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने भक्ति में लीन होकर परमात्मा का गुणगान किया। इस अवसर पर जैन साध्वी सम्यक दर्शना श्रीजी महाराज साहब एवं मुक्तिरशा श्रीजी महाराज साहब ने प्रवचन दिए। उन्होंने जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा का गूढ़ अर्थ समझाते हुए कहा कि पर्युषण के आठ दिन आत्मा को कषायों से मुक्त कर धर्माराधना में समर्पित करने के हैं। इस दौरान मन में विकार और नकारात्मक विचारों को स्थान नहीं देना चाहिए। साध्वीजी ने जीव-दया, क्षमापना और साधर्मिक भक्ति के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म जीवों को भी पीड़ा न पहुंचे, इसका ध्यान रखना ही सच्चे श्रावक का धर्म है। पर्युषण के दौरान समाजजन तप, त्याग और साधना के माध्यम से आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होते हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने रोजगार से जोड़ने पर मंथन

नटेरन। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद कार्यालय नटेरन में बैठक आयोजित की गई। जनपद सदस्य अंशुज शर्मा के नेतृत्व में हुई बैठक में महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर रोजगारमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में प्रतिभा और मेहनत की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर



देने की है। अंशुज शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं। बैठक में सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव पहुंचाने और महिलाओं को उनका लाभ दिलाने के लिए समन्वित प्रयास करने पर भी जोर दिया गया।

सीजेएम ने किया अपना घर आश्रम का भ्रमण

निराश्रितों से आत्मीयता से मिले, आश्रम की सेवा गतिविधियों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विधिक जागरूकता शिविर के अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमाकांत भारके ने विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम का भ्रमण किया।

आश्रम के सहसचिव एवं प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू ने उन्हें आश्रम का भ्रमण कराकर यहां संचालित सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भारके ने आश्रम में काफी



समय बिताया। उन्होंने आश्रम में रह रहे प्रभुजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की, उन्हें गले लगाया और बातचीत कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने निराश्रित एवं असहाय प्रभुजनों की सेवा के लिए अपना घर आश्रम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आश्रम में मानव सेवा के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायक हैं। उन्होंने आश्रम की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एडवोकेट अनिमेष शर्मा भी मौजूद रहे। आश्रम परिवार ने सीजेएम के आत्मीय भ्रमण और शुभकामनाओं के लिए आभार जताया।

सेवा संकल्प अभियान को लेकर बैठक हुई

विदिशा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर अहमदपुर मंडल के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं की बैठक आयोजित की गई। अहमदपुर मंडल अध्यक्ष रामेशवर सिंह किरार ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती और सेवा के संकल्प के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल



बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, पंकज पांडे, चरण सिंह रघुवंशी , लाखन सिंह, योगेंद्र पवार, भूपेंद्र यादव, रमेश मीणा, रमेश शर्मा, जगन्नाथ सिंह कुशवाह, दीपक कपूर, प्रदीप श्रीवास्तव, महेंद्र रघुवंशी, त्रिलोक कुशवाह, तुलसीराम लोधी, गजेंद्र रघुवंशी, दीपक किरार, आयुष किरार, जसवंत सिंह राजपूत, रामराज सिंह दांगी, अनिल दागी आदि मौजूद रहे।

शिक्षा विभागीय कर्मचारी सहकारी समिति मर्यादित विदिशा
पंजीयन क्रमांक AR/VDS/142/दिनांक/16/01/1970
क्रमांक/वार्षिक आमसभा/2026/27 सूचना दिनांक 10/09/2026
वार्षिक आमसभा सूचना पत्र (ऐजेंडा)
शिक्षा विभागीय कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित विदिशा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 27/09/2026 दिन रविवार, समय दोपहर 12 बजे, स्थान अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट माधावगंज विदिशा (मप्र) तारादेवी हाल में आयोजित की गई है। अनुरोध है कि उपस्थित होने का कष्ट करें। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित आमसभा 1/2 घंटे पश्चात उसी स्थान पर संपन्न होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। उपस्थित सदस्यों से संपन्न कराई जाएगी।
प्रबंधक शंकरदयाल शर्मा — अध्यक्ष बलभद्र सिंह मैना

मो.न. -7389928281 पंजीयन क्रमांक 8429 दिनाक 30.10.1957
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (B-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर शाखा-ठर्रं जिला-विदिशा (म.प्र.)
क्रमांक / आमसभा / वर्ष/ 2026-27 दिनाकं- 11/09/2026
// वार्षिक आमसभा सूचना //
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (B-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर के समस्त अंशधारी कृषक सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि 69 वी साधारण सभा दिन शनिवार दिनाकं 26-09-2026 को समय दोपहर 01:00 बजे स्थान समिति मुख्यालय अहमदपुर में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में, स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी । जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
उपदेश शर्मा, समिति प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (B-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर
श्रीमति रंजना तिवारी, प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (B-पैक्स) मर्यादित, अहमदपुर

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े मुख्यमंत्री, संत रविदास की प्रतिमा स्थापित

जल्द रायसेन आकर संत शिरोमणि रवि दास महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करूंगा: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गुरुवार को शहर के कलईपुरा में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा स्थापना समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन में धर्म के साथ कर्म को भी महत्व दिया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, भाईचारे और सद्भाव का रास्ता दिखाते हैं। संत शिरोमणि रविदास जी की यह यात्रा केवल समरसता धार्मिक आयोजन नहीं। बल्कि संत रविदास महाराज जी के उस संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प है। जिसमें समाज के हरेक व्यक्ति के सम्मान, समानता और सदभाव भाईचारे की भावना निहित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 650 की जयंती के अवसर पर देश में समरसता संकल्प अभियान के तहत विकासशील कलश यात्राएं 10 जुलाई से ही आयोजित की जा रही हैं, जो आगामी फरवरी महीने 2027 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में अखंडता एकता बनीं रहे। साथ ही भारत देश विकासशील देश बनाने में कोई कसर नहीं रखी जा रही है। साथ ही महिला, गरीब और किसान कल्याण वर्ग के लिए सामाजिक समरसता पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वे जल्द रायसेन पहुंचकर संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।



मन चंगा तो कठौती में गंगा का दिया संदेश



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत शिरोमणि रविदास महाराज के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका संदेश केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और कर्म की प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने संत रविदास की पंक्तियां ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न का उल्लेख करते हुए ऐसे समाज की कल्पना बताई, जहां छोटा-बड़ा सभी समान भाव से रहें। उन्होंने ह्रमन चंगा तो कठौती में गंगाह्न का अर्थ बताते हुए कहा कि यदि व्यक्ति का मन और भावना शुद्ध है तो उसके कर्म का स्थान भी पवित्र हो जाता है। संत रविदास ने भक्ति के साथ कर्म और सामाजिक समानता को जीवन का आधार बनाया।

फरवरी तक चलेगा समरसता संकल्प अभियान

विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में समरसता संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विकास शिविर और यात्राओं का आयोजन जुलाई से शुरू हुआ है, जो आगामी फरवरी 2027 तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा, महिला, गरीब और किसान वर्ग के कल्याण के साथ सामाजिक समरसता के भाव पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

अंबेडकर प्रतिमा के लिए 25 लाख की मंजूरी

कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री को रायसेन में संत रविदास की प्रतिमा स्थापना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संत रविदास महाराज जी प्रतिमा स्थापित हो चुकी है और इसके पास ही डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का काम भी चल रहा है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए राज्य शासन से 25 लाख रुपए की स्वीकृति देने की बात कही। जिससे उपस्थित जनसमुदाय द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत कर सीएम डॉ यादव का आभार भी माना।

भेदभाव रहित समाज बनाने रविदास का संदेश: शिवराज सिंह चौहान

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने संत रविदास महाराज की प्रतिमा स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी ने भेदभाव रहित समाज की स्थापना की और लोगों को भी यही संदेश दिया कि समाज में असमानता खत्म हो।सब एक समान जीवन यापन करें। इसी संदेश को आत्मसात करके भाजपा और उनके जनप्रतिनिधि संदेश फैला रहे हैं कि मन चंगा तो कठौती में भी गंगा का वास हो जाता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा और नपाध्यक्ष सविता जमना सेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

समाजों में भेदभाव मिटाया

भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने संत रविदास के जीवन और आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर मिलना चाहिए। उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में आदर्श बनाकर प्रेरणा लें।

ज्ञानपुरा पारदी मोहल्ले में छापा

पुलिस ने 3000 लीटर लाहन नष्ट किया, 12 आरोपी दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक के मार्गदर्शन में पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों और फरार अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसडीओपी रायसेन प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में सलामतपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने तड़के चार बजे ज्ञानपुरा गुलगांव स्थित पारदी मोहल्ले में सर्चिंग अभियान चलाकर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घरों की तलाशी के दौरान शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला करीब 3000 लीटर कच्ची शराब का लाहन जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा मौके से एक महिला भीकनबाई के कब्जे से 7 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई।

गिरफ्तार आरोपी

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 11 मुख्य आरोपियों में शेखर मोगिया (31), निर्मल मोगिया (28), रोकी मोगिया (20), ढोलसिंह मोगिया (45), राजा मोगिया (37), उमेश मोगिया (22), पप्पू (65), गोपाल उर्फ पराग (72), राजाबाबू मोगिया (21), पप्पू उर्फ प्रकाश (30) तथा अरुण उर्फ अजय मोगिया (35) शामिल हैं। कार्रवाई में एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, सलामतपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक श्यामराज सिंह सोमवंशी, दीवानगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील शर्मा सहित सलामतपुर थाना बल और पुलिस कंट्रोल रूम रायसेन के कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

बड़ी मात्रा में शराब और वाहन जब्त

पुलिस ने ढोल सिंह मोगिया, निर्मल मोगिया, पप्पू पिता राधे मोगिया और गोपाल उर्फ पराग मोगिया से 141.26 लीटर देशी व कच्ची शराब और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। सलामतपुर थाना अंतर्गत शेखर मोगिया व उमेश मोगिया के कब्जे से 300 क्वार्टर देसी शराब और 1 मोटरसाइकिल, रोकी मोगिया से 22 क्वार्टर देशी शराब, राजाबाबू मोगिया से 24 क्वार्टर देसी शराब तथा पप्पू उर्फ प्रकाश एवं अरुण उर्फ अजय से 1 मोटरसाइकिल जब्त की गई।

कलेक्टर ने विभागीय मामलों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय कार्यो, योजनाओं की प्रगति, हितग्राहियों को मिल रही सेवाओं तथा मैदानी स्तर पर उनके क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य और पोषण तथा मातृ स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

इसके लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग का मैदानी अमला पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करे।कलेक्टर विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए अस्पतालों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाओं, स्वास्थ्य



कार्यक्रमों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा नियमित टीकाकरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण आहार वितरण, नियमित जांच आदि की गहन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुपोषित अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, आभा आईडी कार्ड आदि की समीक्षा करते हुए पूरी गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के जिला अधिकारियों तथा विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिले में स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए दोनों विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए नियमित फील्ड विजिट की जाएं।

बेटी को परीक्षा दिलाने ले जा रहा था पिता, कार की स्टेपनी बदलते में वाहन ने रौंदा, मौके पर ही मौत

रायसेन। रायसेन कोतवाली के तहत शहर में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। बेटी को परीक्षा दिलाने जा रहे पिता की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब कार का टायर पंचर होने पर पिता स्टेपनी बदल रहा था और पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे कुचल दिया। कोतवाली थाना पुलिस के मुताबिक घटना आज सुबह भोपाल-सागर नेशनल हाईवे पर रायसेन बायपास के पास की है। मृतक की पहचान 42 वर्षीय रामबाबू पिता के रूप में हुई है, जो अपनी बेटी को परीक्षा दिलाने रायसेन जिला मुख्यालय लेकर आ रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिता-बेटी कार से रायसेन आ रहे थे। रायसेन भोपाल बायपास के रास्ते में अचानक कार का टायर पंचर हो गया। पिता ने कार को सड़क किनारे लगाकर स्टेपनी बदलना शुरू किया। बेटी कार में ही बैठी थी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन (ट्रक/डंपर) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सड़क हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह कुछ ही देर में परीक्षा केंद्र पहुंचने वाली थी। लेकिन उससे पहले ही पिता का साया उसके सिर से उठ गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। उधर कोतवाली पुलिसथाने के टीआई नरेंद्र गोयल का कहना है कि हाईवे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही आरोपी वाहन को पकड़ लिया जाएगा।

7 दिन में जांच नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

सेल्समैन की आत्महत्या मामले में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ग्राम पंचायत खमकुआ क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर राशन वितरण सेल्समैन रामस्वरूप आदिवासी द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया कि खमकुआ शासकीय उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन ने बीते 25 अगस्त को महुआ के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें राशन संबंधी समस्या के कारण आत्महत्या करने का उल्लेख था। ग्रामीणों ने मांग की है कि आत्महत्या के कारणों की गहन जांच की जाए और चार माह से लंबित राशन का शीघ्र वितरण कराया जाए। पूरे मामले की 7 दिवस में



निष्पक्ष जांच पूरी करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में जांच नहीं हुई तो समस्त समाज द्वारा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

खेत की मिट्टी से गढ़ रहे गणपति बप्पा

पीओपी और केमिकल रंगों से दूरी, शहर में इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की बढ़ी मांग

मूर्तिकारों ने बदली बनाने की तकनीक और ग्राहकों की पसंद भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गणेशोत्सव की तैयारियों के बीच शहर में गणपति बप्पा के अलग-अलग स्वरूप आकार ले रहे हैं। कहीं मूर्तिकार मिट्टी को गूंथकर गणेशजी का चेहरा गढ़ रहे हैं तो कहीं आंखों, मुकुट और आभूषणों पर बारीकी से काम चल रहा है। खास बात यह है कि शहर के कुछ मूर्तिकार अब छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाओं को आकर्षक बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रख रहे हैं। ये कलाकार मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से भगवान गणेश की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। इनका कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में लोगों की पसंद में बदलाव आया है और अब कई परिवार खास तौर पर ऐसी प्रतिमाएं मांगते हैं, जो विसर्जन के बाद आसानी से मिट्टी में मिल सकें।

ग्राहक पूछकर ले रहे इको-फ्रेंडली प्रतिमा

मूर्तिकार लखन विशाल चक्रवर्ती, राधेश्याम, रवि चक्रवर्ती, सुनील महोबिया बताते हैं कि कुछ साल पहले अधिकांश ग्राहक प्रतिमा का आकार, डिजाइन और कीमत देखते थे। अब कई ग्राहक यह भी पूछते हैं कि प्रतिमा किस सामग्री से बनी है और उसमें किस तरह के रंग इस्तेमाल किए गए हैं। इसी वजह से मिट्टी से बनी प्रतिमाओं के ऑर्डर बढ़े हैं। मूर्तिकारों के अनुसार पिछले साल काफी संख्या में मिट्टी की प्रतिमाएं तैयार की थीं।जबकि इस साल कम प्रतिमाओं का ऑर्डर मिला है।

रंगों में भी प्रकृति का ध्यान

प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल प्रतिमाओं को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक और कदम है। मूर्तिकारों के अनुसार प्राकृतिक रंगों से काम करने में मेहनत और समय अधिक लगता है।लेकिन इसका उद्देश्य ऐसी प्रतिमा तैयार करना है, जिसके विसर्जन के बाद पानी और मिट्टी पर अनावश्यक रासायनिक प्रभाव न पड़े। यही वजह है कि अब कुछ कलाकार अपनी प्रतिमाओं की पहचान ही मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से बना रहे हैं। शहर के चुनिंदा मूर्तिकारों की के पंडालों में इन दिनों सुबह से देर रात तक काम चल रहा है। मिट्टी को पहले तैयार कर उसे आकार दिया जाता है। इसके बाद प्रतिमा



के चेहरे, हाथ-पैर, मुकुट और आभूषणों को बारीकियां उकेरी जाती हैं। प्रतिमा सूखने के बाद उस पर प्राकृतिक रंगों से सजावट की जाती है। मूर्तिकारों के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम चेहरे की भाव-भंगिमा और आंखों को जीवंत रूप देना है। शहर के श्रीराम लीला मैदान में बने पंडाल में इस तरह प्रतिमाएं तैयार करने वाले मूर्तिकारों ने काम में महंगाई के असर के बारे में बताया। उनसे बातचीत में सामने आया कि पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमाओं को लेकर लोगों की रुचि बढ़ रही है। प्रतिमा गढ़ने वाले कलाकारों का कहना है कि वे परंपरागत मूर्तिकला को बनाए रखते हुए उसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश जोड़ना चाहते हैं। लेकिन मिट्टी से लेकर कलर तक की महंगाई से काम प्रभावित हो रहा है।

गणेश प्रतिमा तैयार करने में कई दिन की मेहनत

मूर्तिकार कालूराम चक्रवर्ती ने बताया कि खेत की देशी मिट्टी की गणेश प्रतिमा तैयार करना आसान नहीं है। आकार के अनुसार इसमें 15 से 20 दिन तक लगते हैं। पहले मिट्टी तैयार होती है, फिर प्रतिमा का ढांचा और आकार बनाया जाता है। सूखने के बाद बारीक काम और रंगाई होती है। बड़ी प्रतिमाओं में मिट्टी और श्रम दोनों अधिक लगते हैं। एक प्रतिमा का वजन 5 किलो से 60 किलो तक है, जबकि बड़ी प्रतिमाओं का वजन इससे काफी अधिक हो सकता है। उन्होंने बताया कि पहले ग्राहक मुख्य रूप से डिजाइन और कीमत देखते थे। अब कई लोग खुद पूछते हैं कि मूर्ति मिट्टी की है या नहीं और इसमें प्राकृतिक रंग इस्तेमाल हुए हैं या नहीं। अब लोग इको-फ्रेंडली प्रतिमा को पसंद कर रहे हैं।

अस्पतालों में मरीजों की लगी भीड़

बरेली। मौसम बदलने के साथ आसमान में छाए रहने वाले बादलों का डेरा हटजाने से दो दिनों से तेज धूप गर्मी उमस का सामना क्षेत्र के निवासियों को करना मजबूरी बन रहा है। मच्छरों मकड़ियों जीव जंतुओं की तेजी से संख्या बढ़ रही है। घरों घर मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ने से सिविल अस्पताल प्राइवेट डॉक्टर के यहां उपचार कराने भीड़ लग रही है। सितंबर माह के पहले सप्ताह में बारिश और ठंडक का माहौल बना रहा। पिछले दो-तीन दिनों से तेज धूप गर्मी उमस से क्षेत्र के निवासी परेशान हो रहे हैं। जिस प्रकार मौसम बना है उससे विभिन्न प्रकार के जीवाणुओं मच्छरों और मकड़ियों की संख्या बढ़ाने जाला बुनने से बारिश की विदाई के संकेत मिल रहे हैं। धान की क्यारीयो में भर। पानी तेज धूप गर्मी से सूखने के साथ माहू रोग का प्रकोप भी शुरू हो गया है।

अस्पताल में भीड़

ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में डॉक्टर न होने से स्टाफ गायब बना रहता है। आरोग्य केंद्रो की हालत भी खराब बनी हुई है अधिकांश आरोग्य केंद्रो में ताले लटके रहते हैं। सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए ग्रामीणों को 20-25 किलोमीटर का सफर कर सिविल अस्पताल या प्राइवेट डॉक्टर के यहां आना पड़ रहा है। मरीजों की भीड़ अस्पताल और डॉक्टर के यहां प्रतिदिन लग रही है।

बरेली चैनपुर मार्ग निर्माण 8 माह से अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बरेली से चैनपुर मार्ग के लिए 15 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत गया। पिछले वर्ष सड़क का निर्माण शुरू हुआ निर्धारित से कम सड़क की चौड़ाई और गुणवत्ताहीन कार्य की ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई। निरीक्षण जांच टीम बनी फरवरी माह से ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य न कराए जाने से एक दर्जन से अधिक ग्रामों के हजारों ग्रामीण बारिश में कीचण गड्ढो में जोखिम भरी स्थिति में आवागमन करने



मजबूर बने रहे। ग्रामीणो किसानों द्वारा सड़क निर्माण कार्य सिघ्र शुरू और पूर्ण काराए जाने की मांग की जा रही है। जिससे सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सके।

बरेली चैनपुर रोड की लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है इस मार्ग से ग्राम पांजरा मंसाराम, टिप्पा सेमरी, खपड़िया खुर्द, गगनवाड़ा, करम बाड़ा रिम्सीली चैनपुर रमगढ़ा पाली डूंगरिया रतनपुर महका विनेका जनकपुर के साथ भरतीपुर तक के ग्रामीण किसान प्रतिदिन बरेली आना-जाना करते हैं।

इनका कहना है

बारिश के कारण सड़क निर्माण कार्य रुका था। बारिश बंद होते ही दोबारा निर्माण कार्य शुरू कराया और काम आगे बढ़ाया जाएगा।

अमित डेहरिया, उप यंत्री लोक निर्माण विभाग बरेली

कृषि वैज्ञानिकों ने सफेद माहू के प्रति किसानों को किया सतर्क

धान की फसल में कीट के प्रकोप ने बढ़ाई बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में प्रधान फसल धान की फसल में कीट व्याधि के प्रकोप ने किसानों की बेचैनी बढ़ा दी है। खासकर हल्की प्रजाति की फसल पर ज्यादा ही कीटों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में करीब 2 लाख 50 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है, जिसमें से करीब एक लाख हेक्टेयर में हल्की प्रजाति की फसल लगी हुई है। यदि समय रहते कीट व्याधि के प्रकोप नहीं थमा तो फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावनाओं से प्रथम दृष्टया इंकार नहीं किया जा सकता है। जिले में धान की फसल में सफेद माहू के प्रकोप की स्थिति सामने आ रही है। कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे ने किसानों को फसल की नियमित निगरानी करने तथा प्रारंभिक अवस्था में ही उचित नियंत्रण उपाय अपनाने की सलाह दी है। जिले में धान की फसल में मुख्य रूप से हरा माहू, सफेद माहू और भूरा माहू पाया जाता है। वर्तमान में जिन खेतों में धान की रोपाई को 25 से 30 दिन हुए हैं, वहां सफेद माहू का

निरीक्षण कर देखी गई व्यवस्था



कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के कीट वैज्ञानिक डॉ. दुबे ने आगे बताया कि वर्तमान में दिखाई दे रहा माहू सफेद माहू है, जिसका वैज्ञानिक नाम है। कृषि उप संचालक केपी भगत ने बताया कि कृषि महकमे के अमले ने भी किसानों की खेतों का भ्रमण कर फसल की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान धान के पौधों के तनों पर सफेद माहू का प्रकोप पाया गया। इसके प्रभाव से पौधों की पतियां सुनहरे-पीले रंग की दिखाई दे रही हैं तथा पौधों की वृद्धि प्रभावित हो रही है।

प्रकोप देखा जा रहा है।

समय पर उपचार से प्रकोप को किया जा सकता है नियंत्रित

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन किसानों ने समय रहते उचित कीटनाशी का छिड़काव किया है।उनके खेतों में सफेद माहू का प्रकोप नियंत्रित होता दिखाई दे रहा है। पूर्व वर्षों में भी सफेद माहू का प्रकोप देखा गया है।लेकिन अधिक नुकसान अपेक्षाकृत कम रहा है। इस वर्ष मौसम की अनुकूल परिस्थितियों को संख्या बढ़ने की संभावना है। ऐसे में किसानों को खेती का नियमित निरीक्षण कर प्रारंभिक अवस्था में ही नियंत्रण के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

जैविक व देसी उपायों के उपयोग की भी सलाह

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद माहू की रोकथाम के लिए किसान देसी काढ़ा, ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक एवं देसी उपायों का उपयोग कर सकते हैं। नीम के तेल का छिड़काव 1 लीटर प्रति एकड़ की दर से उचित मात्रा में पानी के साथ मिलाकर छिड़काव भी किया जा सकता है।

तना छेदक एवं तना गलन पर भी रखें नजर

किसान शेर सिंह लोधी,पुरुषोत्तम दांगी ऊधम सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, राममोहन बघेल खुमान सिंह यादव, दुर्गा सोनी ने बताया कि धान की फसल में सफेद माहू के साथ तना छेदक का प्रकोप दिखाई देने पर क्लोरएंट्रानिलिप्रोल 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से तथा तना गलन के लक्षण दिखाई देने पर हेक्साकोनाजोल 300 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की कृषि वैज्ञानिक एक्सपर्ट द्वारा सलाह दी गई है। कीटनाशी एवं फफूंदनाशी का उपयोग स्थानीय कृषि विशेषज्ञों की सलाह तथा उत्पाद के पंजीकृत लेबल के अनुसार ही करने को कहा गया है। दवा का छिड़काव करते समय खेत में पर्याप्त पानी का स्तर बनाए रखने, हवा की दिशा का ध्यान रखने तथा दवा का छिड़काव बिल लेने की भी सलाह दी।